प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 09.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. घाटशिला उपचुनाव के लिए आज प्रचार का आखिरी दिन, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं की रैलियां जारी, जीत के दावे और वार पलटवार का दौर।
2. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर सभी उत्तराखंडवासियों को दी हार्दिक बधाई, निरंतर विकास और समृद्धि की कामना की।
3. जीएसटी दर में सुधार से किसानों का बढ़ा हौसला, छोटे किसान भी ट्रैक्टर खरीदने का जुटा रहे साहस।
4. भारत की 16 सदस्यीय तीरंदाजी टीम एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में लेगी भाग, झारखंड की . दीपिका कुमारी महिला टीम की संभालेंगी कमान ।
5. और राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता, खूंटी ने सर्वश्रेष्ठ बैंड टीम का जीता खिताब, कुल 39 टीमों ने लिया भाग ।

****

घाटशिला उपचुनाव में आज प्रचार का अंतिम दिन है। शाम पांच बजे प्रचार का शोर थम जाएगा। प्रचार के अंतिम दिन घाटशिला में राजनीतिक गहमागहमी देखने को मिल रही है।

****

घाटशिला उपचुनाव ने राजनीतिक तपिश बढ़ा दी है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, और जनता अब बदलाव चाहती है उन्होंने घाटशिला में भाजपा प्रत्याशी की रिकॉर्ड मतों से जीत का दावा किया। पूर्व सांसद और भाजपा की वरिष्ठ नेता गीता कोड़ा ने प्रेस वार्ता में हेमंत सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार के मुद्दे पर हमला बोला।

इधर कांग्रेस ने घाटशिला उपचुनाव में बीजेपी के बड़े नेताओं के चुनाव प्रचार पर तंज कसा है । कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने महागठबंधन की जीत का दावा किया।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले में आगामी घाटशिला विधानसभा उप–चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने मतदान सामग्रियों की सुरक्षित ढुलाई और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक में अस्थायी बदलाव की घोषणा की है। इस दौरान 10 और 11 नवंबर को शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने देवभूमि उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर सभी उत्तराखंडवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने अपने संदेश में लिखा है कि अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य से सम्पन्न यह प्रदेश निरंतर विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर रहे, यही मंगलकामना है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दर में सुधार किए जाने से राज्य के किसानों को बड़ा लाभ हुआ है। अलग–अलग कंपनियों के ट्रैक्टर की कीमतों में करीब 60 हजार से 90 हजार रुपये तक की कमी आयी है। इससे छोटे किसान भी ट्रैक्टर खरीदने का साहस कर पा रहे हैं। ट्रैक्टर डीलर मनोज जायवाल बताते हैं कि जीएसटी दर में सुधार के बाद से अब तक उन्होंने दुमका में रिकॉर्ड 400 ट्रैक्टर बेचे हैं, जो इसी अवधि में पिछले साल की तुलना में करीब 50 फीसदी ज्यादा है।

जीएसटी की दर में सुधार ने किसानों का हौसला बढ़ाया है और उन्हें खेत के साथ–साथ ट्रैक्टर का भी मालिक बनने का बड़ा अवसर दिया है।

****

चतरा जिला प्रशासन इन दिनों सड़क सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

****

देश अपने राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने कई पीढ़ियों को एकजुट होने, उठ खड़े होने और राष्ट्र की भावना का उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया है। आज हम बता रहे हैं कि वंदे मातरम ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को कैसे प्रज्वलित किया।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 13 हजार 2 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 59 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

भारत की 16 सदस्यीय तीरंदाजी टीम बांग्लादेश के ढाका में 9 से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाली एशियाई तीरंदाजी चौंपियनशिप में शामिल होगी। अभिषेक वर्मा और प्रथमेश जावकर कंपाउंड पुरुष टीम का नेतृत्व करेंगे। वहीं झारखंड की दीपिका कुमारी महिला टीम की कमान संभालेंगी।

****

खेलो झारखंड के तहत आयोजित राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी ने एक बार फिर अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए राज्य की सर्वश्रेष्ठ बैंड टीम का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से कुल 39 बैंड टीमों ने भाग लिया।

****